प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस–एआई के लोकतंत्रीकरण पर बल देते हुए कहा है कि इसे विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के लिए समावेशन और सशक्तिकरण का साधन बनना चाहिए। नई दिल्ली के भारत मंडपम में आज इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री ने यह बात कही।

*एआई के लिए इंसान सिर्फ डाटा पॉइंट न बन जाए, इंसान सिर्फ रॉ मटीरियल तक सीमित न रह जाए, इसलिए एआई को डेमोक्रेटाइज करना होगा। इसे इंक्लूजन और एम्पावरमेंट का माध्यम बनाना होगा और विशेष रूप से ग्लोबल साउथ में।*

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत न केवल नई तकनीकों का विकास कर रहा है बल्कि उन्हें तेजी से अपना भी रहा है। उन्होंने कहा कि यह भारत और ग्लोबल साउथ के लिए गर्व का विषय है कि नई दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से मानव इतिहास में क्रांतिकारी अध्याय जुड़ रहा है। उन्होंने एआई के लिए मानव विजन की रूपरेखा प्रस्तुत की, जिसका अर्थ है नैतिक और सैद्धांतिक प्रणाली, जवाबदेह शासन, राष्ट्रीय संप्रभुता, सुलभ और समावेशी, वैध और न्यायसंगत।

*मैं, मानव विजन प्रस्तुत करता हूँ। एमदृ मॉरल सिस्टम, एआई एथिकल गाइलाइन्स, पर आधारित हो। एदृ अकान्टेबल गवर्नेन्स, टीदृ ट्रांसपेरेंट रूल्स, एदृ नेशनल सॉवरेनिटी, जिसका डेटा, उसका अधिकार, एदृ एक्सेसिबल एंड इनक्लूसिव, एआईदृ मोनोपॉली नहीं, मल्टीप्लायर बने। वीदृ वैलिड, एआई लॉफुल हो।*

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि सुक्खू सरकार आरडीजी के बहाने केवल पूर्व भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कोसने का काम कर रही है। शिमला में आज एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आरडीजी बंद होने के मुददे पर सरकार अपना पक्ष सही तरीके से नहीं रख पाई और सदन में भी मुख्यमंत्री ने गलत तथ्य पेश किए। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार बिगड़ते वित्तीय हालातों का ठीकरा भाजपा पर फोड़ रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार लगातार हिमाचल के लिए भरपूर आर्थिक मदद प्रदान कर रही है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भाजपा हिमाचल प्रदेश के हितों के साथ खड़ी है और प्रदेश हित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि केवल राजनीतिक भाषणों से आर्थिक समस्याओं का समाधान नहीं होगा इसके लिए ठोस नीति और वित्तीय अनुशासन आवश्यक है।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने आज सोलन के कायलर में सोलन–दयोठी–सुबाथू सड़क मार्ग का निरीक्षण किया और अधिकारियों को इस सड़क को तुरन्त सुधारने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस सड़क के मुरम्मत कार्य के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा नाबार्ड के तहत 23 करोड़ 89 लाख रूपए की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाकर स्वीकृति के लिए भेजी गई है। शांडिल ने कहा कि इसकी मंजूरी मिलते ही सड़क के सुधारीकरण का कार्य जल्द आरंभ किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सोलन जिला में बीते 3 वर्षों में सड़कों, पूलों और भवनों के निर्माण पर करीब 2 सौ 23 करोड़ रूपए खर्च किए गए हैं।

विक्रमादित्य सिंह

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा नशे के खिलाफ कड़ा और बहुआयामी चिट्टा मुक्त हिमाचल अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने आज सुन्नी में आयोजित एंटी

चिट्टा रैली को संबोधित करते हुए ये बात कही। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि चिट्टा न केवल युवाओं के स्वास्थ्य और भविष्य को नुकसान पहुंचा रहा है बल्कि कानून व्यवस्था के लिए भी गंभीर चुनौती बन गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पुलिस और विशेष टास्क फोर्स को मजबूत किया है ताकि तस्करी के नेटवर्क पर सीधा प्रहार किया जा सके। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश में जल्द ही एक हजार एंटी चिट्टा वॉलंटियर्स की एक टीम भी बनाई जाएगी, जो पुलिस और जनता के बीच सेतु का काम करेगी।

---